'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 192 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 27 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

भाजपा विधायक अपने पैतृक गांव का भी नहीं करवा पाए विकास : ललित नागर

Page 3



# हरियाणा में दलित अपमान, दामाद–दलाल का जलवा चाहती है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को हरियाणा चुनावों के दृष्टिगत पृथला, तिगाँव व फ़रीदाबाद विधानसभा में जनसभाओं के माध्यम से भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया और कहा कि हरियाणा में कांग्रेस दामाद-दलाल सरकार की वापसी चाहती है, मगर हरियाणा की जनता कांग्रेस की ये आस पूरी नहीं होने देगी और इन्हें फिर से विपक्ष में ही बैठाएगी।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा हरियाणा में कांग्रेस ने अपने शासन काल में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पहुँचा दिया था। इनकी सरकार में पूरे हरियाणा में दलाल और दामाद का बोलबाला था। दबंगों द्वारा किसानों की जमीन हड़पना, अवैध कब्जा करना आम बात हो गई थी। भाजपा आई और हरियाणा को इस अभिशाप से मुक्ति दी, मगर कांग्रेस अब फिर से प्रदेश में वही जंगलराज वापस लाने के सपने देख रही है। पूरे देश में कांग्रेस से बेईमान व धोखेबाज पार्टी कोई नहीं है। हरियाणा की जनता कांग्रेस के इन मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी और फिर से एक बार भाजपा सरकार बना कर कांग्रेस को विपक्ष में बैठायेगी।



अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 5 अक्तूबर के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो हम प्रदेश की सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100, प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन, चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, 2 लाख युवाओं को 'बिना पर्ची और बिना खर्ची' पक्की सरकारी नौकरी, हर घर गृहणी योजना के तहत 500 में सिलेंडर, हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड जैसी कई सुविधाएँ देने जा रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा हरियाणा में हुड्डा राज में दलितों पर हुए अत्याचार को कौन भुला सकता है। जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें रहीं इन्होंने दलितों पर बेहिसाब जुल्म ढाए। 19 अप्रैल 2010 में मिर्चपुर में कांग्रेस राज में दलितों पर कितने बेरहमी से अत्याचार ढाया गया, कौन भूल सकता है ? इनके समय में दलित अपने आप को डरा, सहमा महसूस करते थे, और हुड्डा जी उनको न्याय नहीं दिला पाए। इनकी पार्टी की वरिष्ठ नेता सैलजा जी का हुड्डा परिवार में इतना अपमान कर दिया कि वो घर बैठ गई हैं, ना सभाएँ कर रही हैं, ना बैठकों में जा रही हैं। बेटे को सेट करने के चक्कर में हुड्डा जी ने पूरे हरियाणा को अपसेट कर दिया है। जो पार्टी आपस में एक नहीं है वो भला हरियाणा का क्या भला करेगी।

आगे बोलते हुए श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा सरकार बनाने की ग़लतफ़हमी में जी रही कांग्रेस हरियाणा में खर्ची-पर्ची का राज वापस लाने का सपना देख रही है। कांग्रेस सरकारी नौकरियाँ बेचने की तैयारी कर रही है। इनके नेता गली-गली कहते घूम रहे कि सरकार आएगी तो पहले अपना और अपने रिश्तेदारों का घर भरेंगे, रेवड़ियों की तरह अपनों को नौकरियाँ देंगे। हरियाणा की जनता कांग्रेस के इन खतरनाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी और इन्हें फिर से विपक्ष में ही बैठायेगी। भाजपा ने बिना भाई-भतीजावाद के बिना खर्ची-पर्ची के सवा लाख नौकरियाँ दीं। कांग्रेस हरियाणा को जाति, धर्म, संप्रदाय में बाँटने की कोशिश कर रही है, इसलिए जनता से निवेदन है कि बिना बँटे यहाँ फिर भाजपा सरकार बनायें और प्रदेश की खुशहाली बनाए रखें।

# फरीदाबाद में विरोधियों पर गरजेंगे प्रधानमंत्री मोदी : कृष्णपाल गुर्जर



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए पीएम मोदी फरीदाबाद में हुंकार भरेंगे। पीएम मोदी 1 अक्तूबर को 2 बजे पृथला विधानसभा के गदपुरी टोल पर जनसभा को संबोधित करेंगे। फरीदाबाद की रैली मोदी जी की हरियाणा की चौथी और सबसे विशाल रैली होगी। इस रैली से ना केवल फरीदाबाद लोकसभा पर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि हरियाणा के चुनाव पर असर पड़ेगा। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री मोदी जी के रैली के कोर्डिनेटर पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने यह जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की दी।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 अक्तूबर को फरीदाबाद लोकसभा में भरेंगे जीत की हुंकार : प्रवेश वर्मा**

बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला चुनाव प्रभारी पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री पीपी चौधरी, जिला चुनाव सह प्रभारी विनोद कटियार, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पलवल भाजपा जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवेतिया, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक एवं तिगांव से उम्मीदवार राजेश नागर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार एवं फरीदाबाद से उम्मीदवार विपुल गोयल, बडखल से भाजपा उम्मीदवार धनेश अधलखा, एन.आई.टी से उम्मीदवार सतीश फागना, पृथला से भाजपा उम्मीदवार टेकचंद शर्मा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ सुरेन्द्र जांगड़ा विधानसभाओं के प्रभारी एवं संयोजक, जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह रैली भव्य होगी और इसमें लाखों की संख्या में लोग प्रधानमंत्री को सुनने आएंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं, भाजपा उम्मीदवारों और लोकसभा की जनता का सौभाग्य है कि रैली के माध्यम से मोदी जी के ओजस्वी भाषण को सुनने का मौका मिलेगा। मोदी जी की फरीदाबाद में रैली से एक सकारात्मक सन्देश जनता में बीच जायेगा।

## राजेश नागर के समर्थन में कांग्रेस पर गरजे अनुराग ठाकुर

# दामाद दलाल को सत्ता नहीं देगी हरियाणा की जनता: अनुराग ठाकुर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज तिगाँव विधानसभा के गांव कौराली में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में दामाद और दलालों को सत्ता सौंपना चाहती है लेकिन जनता ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि तिगांव विधानसभा से भाजपा ने अपने निवर्तमान विधायक राजेश नागर को प्रत्याशी बनाया है। आप इनकी स्पष्ट छवि और भाजपा की नीतियों पर वोट देकर हरियाणा में तीसरी बार डबल इंजन सरकार बनाएं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के जेवर से भाजपा विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी राजेश नागर के पक्ष में वोट मांगे।



ठाकुर ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने अपने शासन काल में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पर पहुँचा दिया था। इनकी सरकार में पूरे हरियाणा में दलाल और दामाद का बोलबाला था। दबंगों द्वारा किसानों की जमीन हड़पना, अवैध कब्जा करना आम बात हो गई थी। भाजपा आई और हरियाणा को इस अभिशाप से मुक्ति दी, मगर कांग्रेस अब फिर से प्रदेश में वही जंगलराज वापस लाने के सपने देख रही है। पूरे देश में कांग्रेस से बेईमान व धोखेबाज पार्टी कोई नहीं है। हरियाणा की जनता कांग्रेस के इन मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी और फिर से एक बार भाजपा सरकार बना कर कांग्रेस को विपक्ष में बैठायेगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि 5 अक्तूबर के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो हम प्रदेश की सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100, चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, 2 लाख युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरी, हर घर गृहणी योजना के तहत 500 में सिलेंडर, हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड जैसी कई सुविधाएँ देने जा रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में हुड्डा राज में दलितों पर हुए अत्याचार को कौन भुला सकता है। जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें रहीं इन्होंने दलितों पर बेहिसाब जुल्म ढाए। 19 अप्रैल 2010 में मिर्चपुर में कांग्रेस राज में दलितों पर कितने बेरहमी से अत्याचार ढाया गया, कौन भूल सकता है ? इनके समय में दलित अपने आप को डरा, सहमा महसूस करते थे, और हुड्डा उनको न्याय नहीं दिला पाए। इनकी पार्टी की वरिष्ठ नेता सैलजा का हुड्डा परिवार ने इतना अपमान कर दिया कि वो घर बैठ गई हैं, ना सभाएँ कर रही हैं, ना बैठकों में जा रही हैं। बेटे को सेट करने के चक्कर में हुड्डा जी ने पूरे हरियाणा को अपसेट कर दिया है।

# भाजपा राज में बल्लभगढ़ को मिली मूलभूत सुविधाएं और ढांचागत बुनियादी सुविधाएं: कृष्णपाल गुर्जर



**2014 से पहले के विकास कार्यों की लिस्ट जनता को दें पूर्व के विधायक : मूलचंद शर्मा**

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है उसी तरह बल्लबगढ़ में भी चुनाव प्रचार तेजी के साथ तूफान में बदलता नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा के पक्ष में लगातार जहां विभिन्न संस्थाएं और कालोनिया का समर्थन और विभिन्न समाजों की तरफ से आशीर्वाद मिलने से विपक्षियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला क्षेत्र में पहुंचकर लोगों से वोट की अपील कर रहे है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विजय नगर में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और लुटेरी कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से ही देश को लूटने और बर्बाद करने का काम किया था। भाजपा ने हमेशा सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के सथ विकास को गति देने आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ साथ देश की सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने लोगों को बताया कि जब वह 2014 में यहां वोट की अपील के लिए आए थे तो रास्तों में कीचड़ और गंदगी नजर आती थी लेकिन आज यहां सीमेंट की सड़के ,सीवर लाइन और पीने का पानी जैसा विकास नजर आता है जो सिर्फ भाजपा सरकार में मंत्री रहे मूलचंद शर्मा की मेहनत और सच्ची लगन का परिणाम है।

## विजय प्रताप की जनसमर्थन सभाओं में उमड़ रहा जनसैलाब

# कांग्रेस आ रही है विकास कार्यों की जनता छोड़ दे चिंता : विजय प्रताप

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 साल में कोई काम नहीं किया, उसके बावजूद प्रदेश पर कर्ज बढ़ता चला गया। हुड्डा सरकार जब सत्ता से गई तो हरियाणा पर 70 हजार करोड़ का कर्जा था, लेकिन आज प्रदेश पर 4 लाख करोड़ का कर्जा है। नगर निगम में प्रत्येक वर्ष 2.5 हजार करोड़ का बजट है, लेकिन काम आप सबके सामने हैं। बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह वीरवार को एनआईटी 5 एल ब्लॉक, जमाई कॉलोनी, एनआईटी 2, बडखल चौक के पास, एसी नगर, राजा चौक बोध विहार पार्क, पी ब्लॉक, एसजीएम नगर एवं गांधी कॉलोनी में जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। विजय प्रताप ने कहा कि 10 साल में भाजपा ने प्रदेश को लूटकर खाने का काम किया है और आज यह प्रत्याशी बदलकर सोच रहे हैं, जनता बेवकूफ है। ऐसे



प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया, जिसे अपने विधानसभा क्षेत्र के बारे में कोई जानकारी ही नहीं। उन्होंने भाजपा से अपना रिपोर्ट कार्ड जारी करने को कहा। ग्रीनफील्ड कॉलोनी में सारी सडकेंटूटी पड़ी हैं, लोग अपने प्रयासों से मिलकर सडकबनाने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार की आंखों में बिल्कुल भी शर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी ग्रीनफील्ड कॉलोनी नगर निगम में ट्रांसफर नहीं हो पाई। वो दो बार ग्रीनफील्ड का दौरा कर चुके हैं, लेकिन अंडरपास में जलभराव की समस्या को दूर नहीं कर पाए। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि काम करने की इतनी क्या मंशा है।

# विधानसभा में रहने वाले अपने बेटे को चुनेगी जनता: राव रामकुमार

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा की तिरखा कॉलोनी पहुंचे निर्दलीय उम्मीदवार राव रामकुमार, को जिस तरह से लोगों का प्यार और सम्मान मिल रहा है उसे देखते हुए बल्लबगढ़ की जनता से यही सुनने को मिल रहा है कि अबकी बार राव राम कुमार।

राव राम कुमार ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि लूटने और अहंकारी को नहीं इस बार बल्लभगढ़ में अपने बीच में बल्लभगढ़ विधानसभा में रहने वाले अपने बेटे को चुनेगी जनता। हमारे संवाददाता ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जब वहां मौजूद लोगों से पूछा कि किस तरह का माहौल है तो उन्होंने एक स्वर में कहा कि राव सहाब भारी मतों से जीतेंगे, और राव रामकुमार जमीनी स्तर से जुडे नेता हैं बल्लभगढ़ की जनता उनसे भलीभांति परिचित है और उनकी कार्यशैली को भी जानती है, इसलिए बल्लभगढ़ की जनता राव राम कुमार को ही चुनेगी। ऐसे ही अभियान में आए हुए समर्थकों ने कहा कि बल्लभगढ़ शहर के बीचोंबीच रहते हैं जिस कारण वहां के हालातों को राम राम कुमार अच्छी तरह से समझते हैं, वही उनका निवारण भी करेंगे।



# प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर भरा जोश

## मोदी जी का संवाद हमेशा प्रेरणा देता है : राजकुमार वोहरा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद कार्यक्रम के तहत हरियाणा के लगभग 4 लाख कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ संवाद किया और हरियाणा के विधानसभा चुनाव महासंग्राम में अपने बूथ को मजबूत कर हर बूथ को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। फरीदाबाद के सभी 1650 बूथों के कार्यकर्ताओं ने इस संवाद कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणादायी बातों को सुना। सभी 6 विधानसभा के भाजपा प्रत्यशियों के कार्यालयों पर भी मोदी जी का मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम सुना गया। फरीदाबाद विधानसभा के बूथ नंबर 178 में स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भी मोदी जी के संवाद कार्यक्रम को सुना गया और इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, तिगांव विधानसभा प्रवासी सुभाष पूनिया (पूर्व विधायक, सूरजगढ़), राजस्थान से प्रदेश उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा डॉ. सुमन कुल्हरी, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा सुखबीर मलेरना, पूर्व जिला सह प्रमुख सहकारिता प्रकोष्ठ नरेश चौहान, जिला कार्यालय सह सचिव सचिन गुप्ता, विशाल और अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी फरीदाबाद के बूथों पर इस संवाद कार्यक्रम में मोदी जी के ओजस्वी विचारों को सुना।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मोदी जी ने संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बूथ के कार्यकर्ताओं को एक- एक घर जाने और एक-एक वोट कमल पर डलवाने के लिए



प्रेरित किया। मोदी जी ने हरियाणा के साथ अपने संबंधों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और कहा कि हरियाणा के लोग बहुत सहज है और बहुत ही सरलता के साथ अपनी बातों को रखते हैं। संवाद के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मेरा चुनाव जीतने की रणनीति का एक ही ओपन सीक्रेट है और वह है, बूथ जीता चुनाव जीता। पोलिंग बूथ हमारी एक मजबूत चौकी है और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कभी भी पोलिंग बूथ में अपना झंडा झुकने नहीं देता और मुझे पूर्ण विश्वास है हरियाणा का कार्यकर्ता भी नहीं झुकने देगा।

प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि हर कार्यकर्त्ता को यह लक्ष्य रखना है कि अपने बूथ पर पहले से अधिक मतदान करवाऊंगा और पहले से अधिक मत भाजपा के पक्ष में पड़े यह सुनिश्चित करूँगा। हरियाणा को हिंदुस्तान का नंबर वन राज्य बनाने के लिए हरियाणा की जनता कृत संकल्प है और इसलिए हमें जनता की भावना का आदर करते हुए जनता के आशीर्वाद को माथे पर चढ़ाते हुए अपनी ताकत पोलिंग बूथ में लगानी है।

हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनके आशीर्वाद से विजय निश्चित है। मोदी जी ने कहा कि चुनाव का एक हफ्ता आपके पास बचा है, अपनी पूरी ताकत एक-एक परिवार के साथ जुड़ने के लिए लगाइए। मोदी जी ने कहा कि मेरा पक्का विश्वास है कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ, जनता जनार्दन के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बन रही है। श्री वोहरा ने कहा कि मोदी जी के संवाद से कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी के संवाद कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और कार्यकर्ता दुगने जोश से कार्य करेंगे और अपने अपने बूथ को जीतकर चुनाव जीतने का कार्य करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी कुंवर संजय सिंह की पत्नी वंदना सिंह ने डोर टू डोर वोट की अपील की



(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी कुंवर संजय सिंह का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ता ही जा रहा है। विधानसभा की युवा पीढ़ी और बुजुर्गों में इतना जोश व उत्साह पहली बार देखने को मिल रहा है। बृहस्पतवार को कुंवर संजय सिंह की धर्म पत्नी वंदना सिंह ने गांव इंडरी में डोर टू डोर जनसंपर्क कर अपने पति कुंवर संजय सिंह के लिए वोट करने की अपील की। इस दौरान गांव के लोगो ने वंदना सिंह का भव्य स्वागत किया और भरपूर समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कहा की उनके पति कुंवर संजय सिंह को विधानसभा के लोगो का अपार जन समर्थन मिल रहा है। वंदना सिंह ने कहा कि हर जगह लोगों का इतना प्यार व समर्थन मिल रहा है जससे साफ जाहिर होता है की हरियाणा के नूंह में अबकी बार कमल खिलेगा और तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है और हरियाणा प्रदेश फिर नॉन स्टॉप विकास की राह पर चलेगा। उन्होंने कहा की केवल ये जोश जज्बा हमें आगामी 5 अक्तूबर तक बरकरार रखना है।

## भोलागिरी की 35वीं स्मृति में रागनी कंपीटीशन व विशाल भंडारा 13 अक्टूबर को

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव खेडी तलवाना में बाबा भोलागिरी महाराज की 35वीं स्मृति में आगामी 13 अक्टूबर,रविवार को रागनी कंपीटीशन व विशाल भंडरे का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां अभी शुरू कर दी गई हैं। बाबा भोलागिरी आश्रम कमेटी के प्रधान कप्तान औमपाल सिंह व सूबेदार मोती कुमार लाटा ने बताया कि बाबा भोलागिरी आश्रम के प्रति श्रधालुओं की अगाध आस्था है। प्रतिवर्ष उनके स्थान पर धार्मिक मेले का आयोजन किया जाता है वहीं समय-समय पर सत्संग तथा भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने बताया की 13 अक्टूबर को सुबह सवा आठ बजे हवन किया जाएगा। सवा दस बजे से भंडारा आयोजित होगा जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सुबह दस बजे से ही रागनी कंपीटीशन शुरू होगा जिसमें हरियाणवी गायक कलाकार विकास निडाना,गीता चैधरी व अमीषा की ओर से वीररस तथा श्रंगार रस से ओतप्रोत रागनियां प्रस्तुत कर श्रोताओं को मनोरंजन करेगें। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर की रात्री को जागरण होगा जिसमें रामखिलारी, देवेंद्र देबु, संजू भोला, प्रदीप कुमार धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें। इस अवसर पर आश्रम के मंहत श्यामगिरी, अनिल शर्मा, बंटी,विकास सहित ग्रामीण उपस्थित रहेगें।

## सेहलंग के विद्यार्थियों को पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण को लेकर किया जागरूक



कनीना सुनील दीक्षित

सेहलंग के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जल जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस-की अध्क्षता प्राचार्य सतबीर सिंह ने की। विद्यार्थियों को जल संरक्षण की जानकारी दी। कनीना के खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने कहा कि व्यर्थ पानी बहाने की परपंरा पर विराम लगना चाहिए। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए उन्होंने पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। जिसमें उन्होंने जल संचयन के चित्र बनाए। उन्होंने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जल जीवन मिशन आधारित वीडियो दिखाकर वैश्विक स्तर पर आने वाले जल संकट के बारे में जानकारी दी। प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल सप्लाई कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए विद्यार्थी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में विषाणु फैलाव अत्यधिक होने के कारण जल भी दूषित हो रहा है। जिसके सेवन से डायरिया, टायफाइड जैसी बिमारी पनप रही हैं। पानी की स्वच्दता को लेकर जन स्वास्थ एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 18001805678 जारी किया गया है। जिसके माध्यम से जल की उपलब्धता व स्वच्छता के बारे में जानकारी ले सकते हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रा आरती ने पहला, महीमा दूसरा और अजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक मुरारी लाल, राकेश, शुभलता, हरीश कुमार, अनिल कुमार, प्रेम सिंह, रतिराम, कृष्ण कुमार उपस्थित थे।

# किरंज, नवाबगढ़, अड़बर, रायपुरी, जयसिंहपुर आदि में सैंकड़ों ने कांग्रेस का दामन थामा

(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद को बृहस्पतिवार को किरंज, नवाबगढ़, अड़बर, रायपुरी, जयसिंहपुर सहित दर्जन भर गांवो में जोरदार जन समर्थन मिला जिसमें सैंकड़ों लोगों ने बीजेपी इनेलो आदि दलों को छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया। कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों ने बताया कि बीजेपी ने दस सालों में कोई विकास नहीं कराया और जो लोग सालों से बीजेपी सरकार में मलाई खा रहे थे उन्होंने रातों रात इनेलो का निशान लेकर स्वार्थ का परिचय दिया है। बार बार दल बदल करने वालों में अब जनता का विश्वास नहीं है क्योंकि ऐसे उम्मीदवारों की खुद की कोई विचारधारा नहीं होती, उनका मकसद सत्ता सुख भोगने तक सीमित रहता है।



जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर किरंज गांव के अजीत, योगेंद्र, बृजलाल, सुबास आदि ने इनेलो बीजेपी छोड़ कांग्रेस में आस्था जताई। खुद कांग्रेस प्रत्याशी की मौजूदगी में वो कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं नूंह की अरावली कॉलोनी में हाजी अब्दुल रहमान, हाजी एजाज, असलम, कयूम, अजीज, सहीद आजाद, नसीम, तुफैल, पप्पू, कयूम, इकबाल आदि ने कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को समर्थन दिया। उधर नवाबगढ़ में पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद की मौजूदगी में जुबैर घासेडिया, वहीद चंदोलिया, मुफीद सरपंच, जहीर, भागे लालाराम, बाबरिया, जमशेद, महमूद, अफजल घासेडिया, हाजी अब्दुल, इस्लाम, अकबर नम्बरदार आदि ने विभिन्न दलों को छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दिया। विधानसभा के अड़बर गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को जोरदार समर्थन मिला जहां कई दर्जनों लोगों ने इनेलो बीजेपी छोड़ कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया जिनमें चौधरी जमसेद ठेकेदार पूर्व सरपंच पद प्रत्याशी, ईल्यास ठेकेदार, सब्बू ठेकेदार, रसीद मेंबर, जावेद मेंबर, जैद मेंबर, रफीक मेंबर, अय्यूब ठेकेदार, आरिफ नंबरदार, अरशद डीलर, उम्मर, आसक, रमजान, ईसूप, इसब, जाकर, इदरीश, काला, समसु, जान मोहब्बत, न्याज मोहम्मद, रुकम, अजबल, रासिद, इनन्स, जैद, रुकम, जाबिर, इकबाल, हसीन, वसीम, सम्मी, डॉक्टर, मुस्तकीम, आमिर, ईसूप, अकबर, हाजी फूल मोहम्मद आदि प्रमुख थे। वहीं रायपुरी में भी कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद का जोर-दार समर्थन हुआ जहां दर्जनों लोगों जैसे हाजी शरीक खां,हाजी मम्मन,रुकमुद्दीन,मास्टर उमर मोहम्मद,मजीद,याकूब,ताहिर, मास्टर शमस,तौफीक साहब,मुशर्रफ,जानु,आमीन, आसी, अतरा, जुहरु, मुस्तफा सरपंच, महबूब फोरमैन, अब्बास महमूद, खालिद, जान मोहम्मद, आस मोहम्मद, रमजानी, कमरुद्दीन, अरशद ठेकेदार, जमशेद, वकील, मुनासिब, एडवोकेट दिलशाद, सैकुल, वसीम,अनीस, अफरोज, इकबाल, पप्पू, खालिद, मुकीम ठेकेदार,दिलफरोज, हाजी कमरू,अलीम ठेकेदार आदि ने बीजेपी इनेलो आदि छोड़ कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया। जयसिंहपुर गांव में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन मिला जहां जमील अहमद, अनीश,मौज खां सरपंच, इस्ताक, महफूज,आबिद, साहुन,अल्ली, उमरशेद, लियाकत, युसुफ,इरफान,हाजी रमजान,जानू नम्बरदार, खलील,मोहम्मद उमर नूह,हाजी शाहबु,अलाउद्दीन आदि विभिन्न दलों को अलविदा कहकर कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश में दस सालों से बीजेपी सरकार है लेकिन नूंह जिले में कोई विकास कार्य नहीं किए गए क्योंकि सरकार की नीति नीयत दोनों ठीक नहीं थे। स्थानीय बीजेपी नेता अपने स्वार्थ के लिए इलाके के हितों को नजरंदाज करते रहे और जनता के हितों के विपरीत खड़े दिखाई दिए। उसी बीजेपी नेता ने बीजेपी सरकार में खुब मलाई मारी लेकिन अब बेटे के गले में इनेलो का निशान डालकर लोगों को भ्रमित करने की नीति पर काम कर रहे हैं लेकिन जनता इतनी जागरूक है कि उनके पुत्र की जमानत जब्त करने जा रही है क्योंकि बीते पांच साल तक इनका परिवार आम जन से बहुत दूरी बनाए हुए था।

आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी ने किसी भी वर्ग को कोई सौगात या विकास नहीं दिया बल्कि किसानों को मारा गया, आम जनता महंगाई से तंग है, भ्रष्टाचार चर्म पर है, युवा बेरोजगार हैं, आम जन आज गुंडा राज की आहट रोज सुन रहा है और प्रदेश में कानून व्यवस्था शून्य है। दस सालों में नूंह जिला बहुत पीछे चला गया है अब कांग्रेस सरकार बनाना समय की जरुरत है ताकि विकास हो सके। पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कहा कि इनेलो बीजेपी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोग बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इलाके और नूंह के हितों को ध्यान रखकर कांग्रेस को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर सभी के मान सम्मान और समान विकास का ख्याल रखा जायगा।

## होडल विधान सभा से निर्दलीय रोहिल्ला ने अपने जन संपर्क अभियान को दी गति



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल विधान सभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर नवीन रोहिला ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। जनता से सीधे संवाद और समर्थन जुटाने के उद्देश्य से आज कई नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मदनलाल रोहिला ने सुबह गढ़िया मोहल्ला, जाटव चौपाल में मनोज द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस सभा में भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे, जहां मदन लाल रोहिला ने चुनाव में बांसुरी चिन्ह पर समर्थन की अपील की और क्षेत्र के विकास के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया। इसके बाद श्याम कॉलोनी, रामहेत कॉलोनी, पेंच कॉलोनी, और अग्रवाल कॉलोनी में जनसंपर्क किया गया। इन कॉलोनियों के निवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और चुनावी मुद्दों पर चर्चा की। डॉ नवीन रोहिल्ला ने डब्बू समोसे वाले के पास रोशनी द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभा में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएँ हुईं। उसके बाद नंगला नोरंगाबाद और नंगला कानपुर में जनसंपर्क अभियान चला, जहां स्थानीय लोगों ने डॉ. रोहिला को अपना समर्थन व्यक्त किया। कबीर आश्रम, लिखी में हुकम द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में डॉ. रोहिला ने एकजुटता और सामाजिक विकास के संदेश को दोहराया। इस सभा में किसानों और मजदूरों के हितों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।खाम्बी में अशोक सरपंच द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में डॉ. रोहिल्ला ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। गांव मित्रोल में महेंद्र चौहान द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा के साथ दिन का जनसंपर्क अभियान समाप्त हुआ। इस दौरान लोगों ने आगामी 5 अक्टूबर के चुनाव में बांसुरी चिन्ह पर मतदान करने का संकल्प लिया। डॉ. नवीन रोहिल्ला ने सभी नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों में अपने विजन को साझा करते हुए कहा मैं क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर एक नए, मजबूत और समृद्ध होडल का निर्माण करना चाहता हूं। जनता का अपार समर्थन मुझे प्रेरित करता है और मैं सभी से अपील करता हूं कि 5 अक्टूबर को बांसुरी के चिन्ह पर मतदान कर मुझे अपना समर्थन दे

## पाठखोरी गांव के लोगों ने भाजपा पत्याशी चौधरी नसीम अहमद को दिया समर्थन

(अनिल मोहनियां नूंह)

गुरुवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी चौधरी नसीम अहमद को गांव पाठखोरी की समस्त सरदारी ने तन मन धन से समर्थन दिया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी चौधरी नसीम अहमद ने कहा कि आने वाली 5 तारीख को सारी वोटों को कमल के फूल पर दबाकर उनको विजई बनाएं। इस मौके पर चौधरी नसीम अहमद ने कहा कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की जनता ने इस बार जो उनको प्यार मान सम्मान दिया है उसके लिए वह उनके हमेशा आभारी रहेंगे लगातार उनका जन समर्थन मिल रहा है जिससे इस बार उनकी जीत निश्चित है उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि इस बार वोट देकर विधानसभा भेजने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में भाजपा सरकार ने 232 करोड़ की लागत से रेनीवेल परियोजना के माध्यम से गांव-गांव पानी पानी पहुंचा है वही चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पतालों की सुविधा दी है। युवाओं के लिए रोजगार दिया है क्षेत्र के विकास के लिए दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे की सौगात दी है। फिरोजपुर झिरका में महिला कॉलेज की सौगात दी है इसलिए जरूरी है कि आज क्षेत्र में हो रहे बदलाव को आगे बढ़ाया जा सके हमारी आने वाली पीढ़ी आगे बढ़े इसके लिए उनका जितना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के नौकरी तो प्रदेश सरकार में विकास के सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ पूरे कराए गए हैं क्षेत्र के लोगों को समझना चाहिए कि वह अपना वोट भाजपा को देकर उनको जीत दिलाने का कार्य करें। उनकी जीत विधानसभा के 36 बिरादरी के लोगों की जीत होगी। कांग्रेस व दूसरे दलों में यहां पर कभी विकास की नहीं सोची।

जिले की पुरानी लंबित मांगों को कांग्रेस ने कभी पूरा नहीं कराया। पूर्व में यूपीए सरकार में कांग्रेस ने जिले में एक भी बड़ा विकास कार्य नहीं करवाया जबकि भाजपा ने यहां पर विकास के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बड़े कार्य किया।



## हसनपुर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर जान से मारने धमकी को लेकर किया मामला दर्ज

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

हसनपुर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व गोली चलाने का मामला दर्ज किया है। मामले में खबर लेकर जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव गुलावद निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्होंने खेतों पर अपना मकान बनाया हुआ है। जब वह अपने चचेरे भाई पप्पू उर्फ जयभगवान वह बिट्टू उर्फ उधम सिंह स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर खेतों पर अपने मकान पर जा रहा था तो रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते प्रवीण व रोहित ने हमारी गाड़ी के आगे अपनी बाइक लगाकर हमें रोकने का प्रयास किया। जब हम उनसे बचकर आगे भेज तो उन्होंने प्रवीन ने अपने पास से अवैध हथियार निकाला और गोली चलाकर हमें रोकने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि दुसरी बाइक पर पीछे से प्रवीन का साथी भगत सिंह वह तीन-चार अन्य लोग आ गए और उन्होंने हमारी गाड़ी को रोक कर गाड़ी में बैठे पप्पू उर्फ जयभगवान को गाड़ी से बाहर खींच लिया और पप्पू के साथ लोहे की रोड व अन्य लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। मारपीट करने के बाद वह पप्पू को घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि हमने घायल पप्पू को हसनपुर के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस में पंकज की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# मालब, खेड़ला व कई गाँवों में चौधरी ताहिर हुसैन को भारी समर्थन, इनेलो-बसपा का एकतरफा माहौल

(अनिल मोहनियां नूंह)

चौधरी ताहिर हुसैन ने जनसंपर्क के तहत गाँव मालब, खेड़ला, ऊंटका, गुंडबास, बड़ोजी, मुरादबास, मन्नाकी, बाझड़का का दौरा किया

विधायक बनने के बाद क्षेत्र के विकास, युवाओं के लिए रोजगार, मेवात यूनिवर्सिटी बनवाने करेंगे प्रयास : ताहिर हुसैन हर गांव में ताहिर हुसैन का हो रहा है फूलों से स्वागत, मां बहनें भी स्वागत में जुटीं बृहस्पतिवार को चौधरी ताहिर हुसैन ने नूँह विधानसभा में जनसंपर्क के तहत गाँव मालब, खेड़ला, ऊंटका, गुंडबास, बड़ोजी, मुरादबास, मन्नाकी, बाझड़का आदि गाँवों में सभाओं को संबोधित किया।

सभी गांवों में ताहिर हुसैन के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। जन संपर्क के दौरान गाँवों में युवा चौधरी ताहिर हुसैन को कंधो पर बैठा रहे हैं तथा ग्रामवासी हर जगह लंबे काफिले के साथ गाजे बाजे के साथ समर्थन समारोह तक लेकर पहुंच रहे हैं। चौधरी ताहिर हुसैन ने ग्राम वासियों के इस शानदार स्वागत व बेपनाह मोहब्बतों व जनसमर्थन के लिए शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर जगह लोगों का इतना प्यार व समर्थन मिल रहा है कि हर कार्यक्रम में देरी से पहुंच रहे हैं। लोग बेसब्री से स्वागत के लिए इंतजार कर रहे हैं। आप लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा दी है। मुझे व मेरे परिवार को आप लोगों ने मरहूम चौधरी मोहम्मद यासीन खाँ व मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन अपार प्यार व जनसमर्थन दिया है। ईशा अल्लाह चुनाव तो आप रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं, पर ये जोश हमें आगामी 5 अक्टूबर तक बरकरार रखना है। ताहिर हुसैन ने कहा कि ये आप लोगों का चुनाव है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने का चुनाव है। हर नौजवान साथी इन समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर नूँह की जनता ने विधानसभा भेजा तो युवाओं के रोजगार व क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा हर कार्यकर्ता अपने आप में ताहिर हुसैन है। कोई भी साथी अपने आप को अकेला महसूस ना करे। ताहिर हुसैन हर समय नूंह विधानसभा की जनता जनार्दन के साथ है। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर हम 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि मेरे किसी भी कार्यकर्ता को मायूस होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा आप लोगों की परछाई बनकर आप लोगों के साथ खड़ा हूँ। आप लोगों का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। आप लोगों का जहाँ पसीना बहेगा, वहाँ पर आपका यह भाई और बेटा खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूंद का कर्ज चुकाऊँगा।

ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्व: चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है।



# पृथला क्षेत्र के समग्र विकास के लिए टेकचंद शर्मा का जीतना जरूरी : अनुराग ठाकुर

## पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद ने की लोगों से टेकचंद शर्मा को विजयी बनाने की अपील

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि दस साल केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही, तब देश को नेहरू-गांधी परिवार ने लूटा और प्रदेश को हुड्डा ने लूटा। कांग्रेस सरकार में दामाद जी की तूती बोलती थी, पर्ची-खर्ची का बोलबाला था, भाई-भतीजावाद हावी थे, लेकिन जब से हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी, तब से पर्ची-खर्ची पर रोक लगी। भाजपा सरकार ने दस सालों में सवा लाख से ज्यादा युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देने का काम किया इसलिए अगर भय, भ्रष्टाचारमुक्त शासन चाहिए तो फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का काम करे और पृथला क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा को भारी मतों से जिताकर विधानसभा में भेजे। सांसद अनुराग ठाकुर गुरुवार को राजपूत बाहुल्य गांव छांयसा में पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पं. टेकचंद शर्मा व गांव छांयसा की



मौजिज सरदारी ने अनुराग ठाकुर को सम्मान रुपी पगड़ी पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने पृथला की पावन धरा पर पधारने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि आज पूरे क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है और हर कोई व्यक्ति जान चुका है कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर सबका विकास कर सकती है इसलिए क्षेत्र की जनता इस बार पृथला में कमल खिलाने का काम करेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज इस जनसभा में उमड़े जनता के हजूम से यह साबित हो गया है कि लोग टेकचंद शर्मा को विधायक बनाने का मन बना चुके है क्योंकि यह बीस सालों से आपकी निस्वार्थ जनसेवा में जुटे हुए है और इन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास को ही प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि आपको कांग्रेस-भाजपा सरकारों के कार्यो का मंथन करके चुनाव करना है कि आपको बेईमानों की सरकार लानी है या फिर कमल के फूल का बटन दबाकर ईमानदार सरकार चुननी है। उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशी पंडित टेकचंद शर्मा को जीताने की अपील करते हुए कहा कि आप टेकचंद शर्मा को विधायक बनाकर भेज तो इन्हें बड़ा नेता बनाने की जिम्मेवारी हमारी रहेगी। इस मौके पर अनुराग ठाकुर व भाजपा प्रत्याशी पंडित टेकचंद शर्मा ने आप पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप वत्स को भी भाजपा परिवार में शामिल करवाया और सरंपच एसो. के प्रधान सूरजपाल भूरा ने सैकड़ों सरपंचों के साथ टेकचंद शर्मा के कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लडने. का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगदीश नायर, भाजपा नेता बलदेव अलावलपुर, लख्मीचंद भारद्वाज, सुखबीर मलेरना, कुलबीर देशवाल, सोहनपाल छोकर, बिजेंद्र नेहरा, डा. तेजपाल शर्मा, विनोद भाटी, उमेश भाटी, कप्तान भाटी, सुनीता बघेल, विनोद कटियाल, मनोज वशिष्ठ, मनोज भाटी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा विधायक अपने पैतृक गांव का भी नहीं करवा पाए विकास : ललित नागर

## चौरासीपाल के बड़े गांव तिगांव में पंचायती उम्मीदवार की पदयात्रा को मिला भरपूर समर्थन

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत चौरासीपाल के बड़े गांव तिगांव में पदयात्रा निकालकर लोगों से अपने के लिए समर्थन मांगा। यह पदयात्रा शनिदेव मंदिर तालाब से शुरू हुई और तिगांव बाजार से मंधावली मोड, कौराली मोड होते हुए बल्लभगढ़ अड्डा पर सम्पन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह दुकानदारों, व्यापारियों सहित सर्व समाज के लोगों ने ललित नागर का फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया।



इस मौके पर कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था और 'ललित नागर जिंदाबाद, ललित नागर आप आगे बढ़ो हम आपके साथ है' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को गुंजामय कर दिया। पदयात्रा के दौरान लोगों से मिले अपार स्नेह से उत्साहित ललित नागर ने कहा कि जब से उन्होंने राजनीति में कदम रखा है, तब से तिगांव क्षेत्र के विकास की आवाज को हमेशा बुलंद दिया है।

2014 में जब आपने विधायक चुनकर भेजा, तब मैंने बड़े गांव तिगांव में सीवरेज डालने की मांग को पुरजोर तरीके से विधानसभा पटल पर उठाया था, जिसके बाद सरकार हरकत में आई और उन्होंने तिगांव में सीवरेज लाईन डालने का बजट पास किया। जब सीवरेज लाईन डालने की शुरूआत हुई, उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और यहां विधायक भी भाजपा से थे, उस दौरान सीवरेज लाईन के नाम पर दो से चार फुट की लाईनें डाली जा रही थी, जो कि आबादी के हिसाब से नाकाफी थी, इन सीवरेज लाईनों के चलते कई मकानों में पानी तक भर गया था, जिसका उन्होंने पुरजोर तरीके विरोध किया और इसे बड़े घोटाला बताया और इसकी जांच करवाने की मांग की, लेकिन हैरानी इस बात की है कि भाजपा विधायक का यह पैतृक गांव होने के बावजूद यहां सीवरेज के नाम पर घोटाला होता रहा और वह मौन रहे, जबकि उन्हें इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। श्री नागर ने कहा कि आज तिगांव क्षेत्र जनसमस्याओं से जूझ रहा है, यहां सड़कें टूटी पड़ी है, जगह-जगह गंदा पानी भरा रहता है, गदंगी के ढेर लगे रहते है, लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जब भाजपा विधायक अपने पैतृक गांव का विकास नही करवा पाए तो वह पूरे तिगांव क्षेत्र का क्या विकास कराएंगे।

श्री नागर ने लोगों से आह्वान किया कि तिगांव के समुचित विकास और क्षेत्र के उज्जवल भविष्य के लिए आप में मतरुपी आर्शीवाद देकर विजयी बनाएं, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सभी मिलकर तिगांव क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करवाएंगे।

# भाजपा की फिर से सरकार बनाए, बडखल के विकास को देंगे नई गति : धनेश अदलक्खा

**भाजपा प्रत्याशी ने तूफानी दौरे करके लोगों से की भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील**

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। बडखल से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत एनआईटी-3 शिवाजी पार्क, तीन नंबर नेहरू कालोनी, एनआईटी नंबर पांच, एनआईटी एक नंबर ई ब्लाक आदि में तूफानी दौरे करके लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने धनेश अदलक्खा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का भरोसा दिलाया।



सभाओं में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने कहा कि विकास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है, 2014 से पहले का हरियाणा और आज का हरियाणा दोनों में जमीन आसमान का अंतर है, भाजपा सरकार में इस प्रदेश ने विकास की नई बुलंदियों को छूआ है। उन्होंने कहा कि बडखल क्षेत्र भी भाजपा सरकार में विकास से अछूता नहीं रहा, यहां भी विकास की अनेकों ऐसी परियोजनाएं क्रियान्वित हुई है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे और छतीस बिरादरी को साथ लेकर बडखल क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। श्री अदलक्खा ने कहा कि बडखल क्षेत्र में उन्हें पंजाबी समाज सहित सर्व समाज के लोगों का समर्थन मिल रहा है और वह इस क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज कर यह सीट भाजपा की झोली में डालने का काम करेंगे और उसके बाद बडखल विधानसभा क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास करवाया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने धनेश अदलक्खा को विश्वास दिलाया कि बडखल में फिर से कमल खिलेगा और जनता उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजने का काम करेगी। चुनावी सभाओं में भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, निवर्तमान पार्षद जसवंत सिंह, मनोज नासवा, भाजपा ओबीसी सैल के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी, संदीप कौर, साहिल अरोड़ा ने भी लोगों से धनेश अदलक्खा के पक्ष में भारी मतदान कर भाजपा को जिताने का आह्वान किया।

# बलजीत कौशिक ने संभाली कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला की चुनावी कमान

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला के चुनावी अभियान को उस समय बड़ा राजनैतिक बल मिल गया, जब कांग्रेस के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के भाई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने श्री सिंगला के समर्थन में आकर उनकी चुनावी कमान संभालते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। श्री कौशिक के सेक्टर-22 स्थित निवास पर पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने कहा कि बलजीत कौशिक कांग्रेस के कर्मठ एवं सच्चे सिपाही है, जो वर्षो से कांग्रेस की सेवा में समर्पित है और उन्होंने आज उनके चुनावी अभियान में अपनी पूरी टीम के साथ जुडक़र उनके चुनावी अभियान को बड़ा बल देने का काम किया है, जिसके लिए वह उनके



आभारी है और सभी कांग्रेसियों को साथ लेकर फरीदाबाद का भरपूर विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव अहंकार और शराफत के बीच है, एक तरफ भाजपा प्रत्याशी अहंकार में चूर है, जबकि हम कांग्रेसी फरीदाबाद में मोहब्बत की दुकान चलाते हुए सभी को भाईचारे के साथ जोडने. की बात कर रहे है इसलिए जनता को इस बार अहंकारी भाजपा प्रत्याशी को वोट की चोट से सत्ता से बाहर करने का काम करना है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त करना है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके खून में बहती है, उनके बड़े भाई व उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित कर दिया और वह पार्टी के सच्चे सिपाही के तौर पर काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह भी फरीदाबाद से कांग्रेस की टिकट मांग रहे थे, लेकिन अब जब लखन सिंगला को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सांसद कुमारी सैलजा के दिशा निर्देश के बाद हम सभी कांग्रेसियों का यह दायित्व बनता है कि हम सभी मिलकर उन्हें जिताकर भेजे और कांग्रेस को मजबूत करें। श्री कौशिक ने कहा कि वह और उनकी टीम का एक-एक सदस्य घर-घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगेगा और लखन सिंगला को जिताने का काम करेगा ताकि हरियाणा में बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बने और फरीदाबाद का चहुंमुखी विकास किया जा सके।

# इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना को उत्तराखंड समाज ने दिया समर्थन



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना के चुनावी अभियान को उस समय बड़ा बल मिल गया, जब उत्तराखंड समाज ने एकजुट होकर उन्हें अपना समर्थन देने का ऐलान कर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। सारन रोड स्थित विनायक गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड समाज के अनेकों मौजिज लोगों ने एक स्वर में नगेंद्र भड़ाना को जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगेंद्र भड़ाना सरल, मृदुभाषी एवं कुशल राजनेता है, जो हमेशा ही क्षेत्र के विकास की आवाज उठाते रहे है और लोगों के सुख-दुख में अपनी भागेदारी निभाते रहते हैं, इसलिए इस बार उत्तराखंड समाज उन्हें समर्थन देगा और भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेगा। उत्तराखंड समाज द्वारा दिए गए समर्थन से उत्साहित इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने समाज के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जो मान-सम्मान आपने मुझे दिया है, उसका मैं आजीवन ऋणी रहेगी और अगर मौका मिला तो क्षेत्र का विकास करवाकर इस ऋण को उतारूंगा। श्री भड़ाना ने कहा कि मैं सर्व समाज का बेटा हूं और हमेशा छतीस बिरादरी के मान-सम्मान के लिए मैंने संघर्ष किया है, मैं एनआईटी क्षेत्र की गली-गली, गांव-गांव घूमा हूं और उनकी समस्याओं से भली भांति परिचित हूं, मेरा प्रयास है कि हमारा एनआईटी क्षेत्र भी दूसरी विधानसभाओं की तरह विकसित क्षेत्र बने, इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए इस बार आप मुझे मत रुपी आर्शीवाद देकर विजयी बनाएं ताकि मैं विधानसभा पहुंचकर विकास के मामले में एनआईटी क्षेत्र की कायाकल्प कर सकूं। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड समाज से लोकेन्द्र सिंह बिष्ट उर्फ लुक्की भाई, सुरेंद्र रावत, कपिल नेगी, हरेंद्र बिष्ट, सुनील रावत, लक्ष्मण नेगी उर्फ रिंकू, सन्नी सरदार, विनय सजवान, शंकर रावत, लखन सिंह, योगेश बुडाकोटि, सुनील गोसाईं, आरपी भट्ट, पदमा नेगी, दर्शना रावत, ऊषा नेगी, प्रीति बिष्ट, नन्दा देवी रावत व मोनिका रावत विशेष रुप से उपस्थित थे। इसके अलावा इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने खोरी गांव, नंगला एंक्लेव, सेक्टर-55, सोनिया चौक, पर्वतीया कालोनी, जीवन नगर, प्रेस कालोनी में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# कांग्रेस सरकार में नए विजन के साथ पृथला क्षेत्र में होगा विकास : रघुबीर तेवतिया

## पृथला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी का कई गावों में हुआ जोरदार स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया के द्वारा चलाया जा रहे जन सम्पर्क अभियान के तहत बृहस्पतिवार को भी जगह जगह लोगों का हुजूम उमड़ा, और हजारों लोगों ने पगड़ी बांधकर फूलों की वर्षा कर उनका उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने आज पन्हेडा खुर्द, महमदपुर, हीरापुर, अटेरना व जवां में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने सभाओं में उमडी भीड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी समय में जो आपका प्यार और स्नेह रूपी आशीर्वाद मुझे मिल रहा है उससे साफ है कि पृथला में कांग्रेस की बडी विजय होने वाली है और हरियाणा में कांग्रेस सरकार आ रही है, सरकार बनते ही नए विजन के साथ पृथला



विधानसभा क्षेत्र का स्वरूप बदल देंगे। और पृथला को विकास व रोजगार में नंबर-1 क्षेत्र बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आपने 2009 से 14 तक का कार्यकाल और मेरी ईमानदारी देखी है इस बार इसे और अधिक रफ्तार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को आपकी वोट पृथला विधानसभा का भविष्य तय करने जा रही है। इसलिए लोग किसी के बहकावे में न आएं, कांग्रेस का साथ दें। मैं वादा करता हूं कि क्षेत्र का बेटा, भाई व पारिवारिक सदस्य बनकर सेवा करूंगा। क्योंकि सेवा करने का जज्बा मुझे अपने परिवार के बड़े बुर्जुगों के संस्कारों से मिला है।

# फरीदाबाद विधानसभा बनेगी श्रेष्ठ एवं विकसित : विपुल गोयल

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा श्रेष्ठ एवं विकसित विधानसभा बनेगी, यह मेरा आपसे वादा है। इसलिए आने वाली 5 तारीख को अपना कीमती वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालें और हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने में सहयोग दें। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल का सेक्टर-9 स्थित प्रकृति पार्क में विनीता गुप्ता एवं राहुल शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जोरदार स्वागत किया गया। विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और परिवार को सहूलियत उपलब्ध कराना मेरा धर्म है। मैं अपने धर्म को भली भांति पालन करना जानता हूं।



इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूरे जोश एवं समर्पण के साथ विपुल गोयल को आशीर्वाद दिया और कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विपुल ही एकमात्र विकल्प है। पार्क में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 5 साल नॉन स्टॉप विकास कार्य कराने का मैं जिम्मा लेता हूं। इसलिए मेरा सहयोग करें और मुझे विश्वास दें, फरीदाबाद में एक बार फिर से जीत का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विपुल गोयल पर भरोसा जताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता एक बार फिर से विपुल गोयल को अपने क्षेत्र की कमान सौंपने को तैयार है। गांव, कॉलोनी, सेक्टर से लेकर सभी जगह विपुल गोयल का प्यार और उनका समर्पण लोगों के लिए एक मिसाल है।

## चोर का कारनामा : पुलिस हिरासत से फरार होकर छिपा ऐसी जगह, ढाई घंटे में ही आया गिरफ्त में

रोहतक। रोहतक में चोरी के आरोपी के पुलिस हिरासत से फरार हो गया। घटना उस समय हुई, जब पुलिस आरोपी को चोरी किए गए सामान की बरामदगी करने गई थी। इसी दौरान आरोपी चकमा देकर वहां से फरार हो गया। हालांकि करीब ढाई घंटे बाद झाड़ियों में छिपे आरोपी को फिर से पकड़ लिया गया, जिसके खिलाफ पुलिस हिरासत से भागने की धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी। रोहतक के अर्बन एस्टेट थाना के एएसआई विक्रम सिंह की शिकायत पर थाने में एफआईआर दर्ज हुई, जिसमें बताया कि गाड़ी का शीशा तोड़कर कागजात व अन्य सामान चोरी करने के मामले में आरोपी गांव बनियानी हाल रोहतक के सेक्टर 5 के नजदीक स्थित कबीर कॉलोनी निवासी सूरज उर्फ छोटा गौडरेला को गिरफ्तार किया गया था, जिसे कोर्ट में पेश करके पूछताछ के लिए 3 दिन के रिमांड पर लिया गया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने गाड़ी से चोरी कागजात झाड़ियों में दबा रखे हैं। इसलिए आरोपी सूरज उर्फ छोटा गौडरेला को साथ लेकर मौका स्थल पर कागजात बरामद के लिए गए। वहां पर ज्यादा झाड़ियां होने के कारण आरोपी झाड़ियों का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर भाग गया और वहीं झाड़ियों में छिपकर बैठ गया। करीब ढाई घंटे तक पुलिस ने आरोपी सूरज उर्फ छोटा गौडरेला को तलाश किया। ढाई घंटे बाद आरोपी झाड़ियों में छिपा हुआ मिला।

## डॉक्टर बना शैतान : पथरी का इलाज कराने गई महिल को पहुंचाया मौत के नजदीक...

सोनीपत : सोनीपत के एक निजी अस्पताल में डॉक्टर ने पथरी के दर्द परेशान एक महिला की एक की जगह दोनों किडनी निकाल दी, जिसके चलते महिला पिछले करीब पांच महीने से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। इस मामले को लेकर सेक्टर-27 थाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर डॉक्टर और ऑपरेशन थियेटर स्टाफ के खिलाफ हत्या प्रयास सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के पति ने डॉक्टर पर धोखे से किडनी चोरी करने का आरोप लगाया है। सोनीपत के राजेंद्र नगर निवासी आनंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी वीना रानी पिछले करीब आठ महीने से लेफ्ट किडनी में पथरी के दर्द से परेशान थी। जिसका इलाज सोनीपत के निजी अस्पताल में डॉक्टर के पास चल रहा था। 27 अप्रैल को डॉक्टर ने उसे बताया कि पथरी के कारण उसकी पत्नी की लेफ्ट साइड की किडनी पूरी तरह से खराब हो गई है और उसे तत्काल नही निकाला गया तो वीना की जान को खतरा हो सकता है। डॉक्टर की बात सुनकर मैं डर गया और परिवार से सलाह करने के लिए एक दो दिन का समय मांगा। परिवार से सलाह के बाद वीना की जान बचाने के लिए हमने 29 अप्रैल को उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया। 1 मई को सुबह आठ बजे वीना को ऑपरेशन के लिए थियेटर ले जाया गया और दोपहर दो बजे बाहर आई। ऑपरेशन थियेटर से बाहर आने के बाद डॉक्टर ने उसे ऑपरेशन सफल रहने की बात बताते हुए बधाई दी। जिसके बाद उसने आईसीयू में जाकर देखा तो उसकी पत्नी के शरीर में कोई हलचल नही हो रहा था, इसे देख वह डर गया। आईसीयू में अपनी पत्नी के शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर जब उसने डॉक्टर से इसकी शिकायत की, जिसके बाद डॉक्टर गौरव ने वीना की सभी रिपोर्ट दोबारा देखी। रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टर ने उसे बताया कि उसने गलती से वीना की दोनों किडनी निकाल दी। डॉक्टर की यह बात सुनकर उसके पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। इस सूचना के बाद उसके परिजन और रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए। अपनी शिकायत में आनंद ने धोखे से डॉक्टर पर अपनी पत्नी की किडनी चोरी करने और उसकी जान लेने का प्रयास करने के आरोप लगाया है। पुलिस ने डॉक्टर और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रचार कार्यक्रम में 2 घंटे देरी से पहुंचे प्रत्याशी को मिली ऐसी सजा, कार्यकर्ताओं ने मौके पर किया ये काम

बावल : बावल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. कृष्ण कुमार के खिलाफ बुधवार को पार्टी के ही कार्यकर्ताओं ने विरोध कर दिया। दरअसल, कृष्ण कुमार प्रचार कार्यक्रम में 2 घंटे देरी के बाद भी नही पहुंचे। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे और टोपियां उतार फेंकी। डॉ. कृष्ण कुमार के शेड्यूल के मुताबिक, उन्हें सुबह सवा 11 बजे गांव केशोपुर में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचना था। इसके लिए गांव से काफी दूर पहले ही कार्यकर्ता डीजे लेकर उनका स्वागत करने के लिए पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. कृष्ण कुमार करीब 2 घंटे तक कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं, गांव में जब वह पहुंचे तो गांव के सबसे पुराने रास्ते के बजाय एक साल पहले बनाए गए नए रास्ते से गांव में चले गए, जबकि कार्यकर्ता पुराने रास्ते पर ही पेट्रोल पंप के पास उनका इंतजार करते रह गए। जैसे ही इसकी जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंची तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। डॉ. कृष्ण कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ चुनिंदा लोगों से घिरे डॉ. कृष्ण ने कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने हाथों में लिए भाजपा के झंडे और सिर पर पहनी हुई टोपी तक उतार फेंकी।

## सोनीपत में डेंगू का डंक : 4 दिनों में मिले 12 पॉजीटिव, बढ़खालसा में टूटा रिकॉर्ड

सोनीपत। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 4 दिनों में जिले में डेंगू के 12 मरीज मिले हैं, जिनमें से 5 तो बुधवार को ही सामने आए हैं। बढ़खालसा गांव में एक दिन के अंदर 4 मरीज मिले हैं। डेंगू के मरीज लगातार सामने आने से स्वास्थ्य विभाग ने भी सतर्क रहने के साथ-साथ बचाव को लेकर सलाह दी है। बरसाती मौसम लंबा चलने के कारण हुए जलभराव की वजह से इस बार डेंगू ने जिले में अपना छाप छोड़ रखी है। आए दिन मिल रहे डेंगू व मलेरिया के मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता के बाद भी डेंगू के मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। कई दिन से प्रतिदिन औसतन 4 मरीज सामने आने लगे हैं। जिले में अब डेंगू के मरीजों की संख्या 69 पर पहुंच गई है जबकि मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 पर पहुंच चुकी है।

## भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चतरभुज अत्री का दावा- हरियाणा में फिर खिलेगा कमल, जनता का मिल रहा आशीर्वाद

जींद। उचाना कलां विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चतरभुज अत्री ने प्रचार के दौरान बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में फिर कमल खिलने जा रहा है। जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सब आपके सामने है आपसे कुछ छुपा नहीं है। ये जनसैलाब है, बुजुर्गों का आशीर्वाद है, माताओं बहनों का आशीर्वाद है और युवा साथी जोश और उत्साह के साथ मेरा स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरा नहीं उचाना हलके का स्वागत है और ये हमारा सबसे बड़ा गांव है। पैतृक गांव मानता हूं मैं खटकड को, यहां मेरे पिताजी ने 40 साल तक हलके में भी सेवाएं की और खटकड गांव से विशेष लगाव रहा है। ये हमारे सात आठ जो हमारे गांव में यहां मेरे पिताजी हमेशा यहां से जाना आना यहीं से होता था, तो सबसे पारिवारिक संबंध है और परिवार की तरह मिलते है। हमारे लिए सबसे बड़ी दिक्कत ये है की पिछले 50 साल से जो परिवार ये है। यहां राज कर रहा था यहां पर आज तक हमारी माताओं बहनों के सिर से मटके भी नहीं उतरे। सबसे बड़ा है हमारा नहरी पानी। हमारे खेत तक हमारे किसान जब समृद्ध होंगे और किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि किसानों पर ही देश डिपेंड है तो मुझे लगता है हमारे नहरी पानी की दिक्कत है। हमारा सबसे बड़ा है विकास में रोड़ा है और उसी को लेकर हम साथ चल रहे हैं तो हमारा सबसे बड़ा विकास में अगर विकसित उचाना में कोई रोड़ा है तो नहरी पानी और नहरी पानी को हम लेकर आएंगे। हम विश्वास दिला रहे है, हर व्यक्ति जानता है उचाना का बच्चा बच्चा जानता है कैसे राज है, किस तरह के राज है। सबको पता है लोग बदलाव चाहते हैं और हम लोग यहां से निशंदे जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी हम लोग यहां काम कमल का फूल खिलाने जा रहे हैं।

# हरियाणा रैली: राहुल गांधी बोले- पीएम मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार व्यवस्था को किया खत्म



**करनाल**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश में रोजगार व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से खत्म कर दिया है। ये बातें उन्होंने करनाल के असंध में एक चुनावी रैली के दौरान कहीं।

राहुल गांधी ने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव में पांच अक्टूबर को भारी जीत हासिल करेगी। इस रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सहित कई नेता उपस्थित थे।

गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने हरियाणा को 'बर्बाद' कर दिया है। उन्होंने अपनी हालिया अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से बात की, जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए हैं क्योंकि उनके अपने राज्य में रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं।

कांग्रेस के चुनावी वादों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में दो लाख खाली पद भरे जाएंगे और कांग्रेस न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के लिए कानूनी गारंटी देने का वादा करती है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को की जाएगी।

# NADA ने जारी किया विनेश फोगाट को नोटिस, 14 दिन के अंदर मांगा जवाब, जानें क्या है पूरा मामला

**चंडीगढ़**। विनेश फोगाट इस समय अपने साथी रेसलर बजरंग पुनिया के साथ जुलाना क्षेत्र के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। वे इसी महीने उनके साथी पहलवान बजरंग पूनिया हाल में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुईं और वे जुलाना विधानसभा से आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं। वहीं नेशनल डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने रेसलर विनेश फोगाट को रहने के स्थल की सही जानकारी नहीं देने के कारण नोटिस भेजा है। नाडा ने विनेश से 14 दिन के अंदर जवाब मांगा है। एजेंसी ने नोटिस में विनेश को बताया कि उन्होंने अपने रहने के स्थल की जानकारी नहीं बताने की गलती की है, क्योंकि वह नौ सितंबर को सोनीपत के खरखौदा गांव में अपने घर पर डोप जांच के लिए उपलब्ध नहीं थीं।

नाडा के नोटिस में कहा गया है कि 'आपको एंटी डोपिंग नियमों के तहत रहने के स्थल की जानकारी संबंधित जरूरतों का पालन करने में स्पष्ट विफलता के बारे में सूचित करने के लिए नोटिस दिया जाता है और मामले पर आखिरी फैसले से पहले जवाब मांगा जाता है। एक डोप कंट्रोल अधिकारी (डीसीओ) को आपकी जांच के लिए उस समय उस दिन उस स्थल पर भेजा गया था, लेकिन वे ऐसा करने में असमर्थ रहा, क्योंकि आप उस जगह पर मौजूद नहीं थीं।'

नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल (RTP) में शामिल सभी खिलाड़ियों को डोप टेस्ट के लिए अपनी उपलब्धता की जानकारी देना जरूरी है। खिलाड़ी ने जिस स्थान की जानकारी दी है। अगर वह उस स्थान पर उपलब्ध नहीं होता, तो इसे ठिकाने की जानकारी देने की विफलता माना जाता है। अगर कोई खिलाड़ी 12 महीने में तीन बार स्थल की जानकारी संबंधित नियमों का उल्लंघन करता है, तो ही नाडा एथलीट को आरोपित कर सकता है। विनेश को या तो इस उल्लंघन को स्वीकार करना होगा या सबूत देना होगा कि वे उस स्थान पर लगभग 60 मिनट तक मौजूद थी। विनेश कह सकती हैं कि ठहरने की जगह संबंधित विफलता डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन नहीं है।



# एक अक्टूबर को फरीदाबाद की धरती से विपक्ष पर बरसेंगे पीएम मोदी



**बल्लभगढ़**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में अक्टूबर को एक रैली को संबोधित करेंगे। गौर रहे कि पीएम लोकसभा चुनाव में भी दौरे पर नहीं आए थे। भाजपा के पहले भी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से सात विधायक थे और एक निर्दलीय का समर्थन प्राप्त था। इसलिए भाजपा अपनी राजनीतिक भूमि को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती।

इस रैली के आयोजन को लेकर व्यवस्था संयोजक एवं मुख्यमंत्री के निवर्तमान राजनीतिक सचिव अजय गौड़ ने पलवल के उपायुक्त डा. हरीश कुमार, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन के साथ पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव गदपुरी टोल प्लाजा के पास पड़े खाली मैदान का जायजा लिया।

इस स्थल पर दो वर्ष पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रैली का आयोजन किया था। रैली से भाजपा उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव प्रचार में सहायक साबित हो सकती है। पीएम की रैली से भाजपा के प्रत्याशियों को सबसे ज्यादा लाभ हो सकता है।

# अनिल विज ने खोला राज, बताया हरियाणा में क्यों जरूरी है बीजेपी की सरकार बनाना

**चंडीगढ़**। हरियाणा में विधानसभा चुनाव का प्रचार इन दिनों पूरे ऊफान पर है। राजनेताओं की ओर से जहां अपने-अपने दल की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है। वहीं, दूसरे दलों के नेताओं को जमकर आड़े हाथों भी लिया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और अंबाला कैंट से बीजेपी के उम्मीदवार अनिल विज ने एक बार फिर से कांग्रेस के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जमकर हमला बोला है। विज ने इस बात का भी खुलासा किया कि हरियाणा में एक बार फिर से क्यों बीजेपी की सरकार बनना जरूरी है ?

हरियाणा में बीजेपी के खिलाफ एंटी इनकमबेंसी के सवाल पर अनिल विज ने कहा कि एंटी इनकमबेंसी तो कांग्रेस की है। 10 साल पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में हरियाणा में जो कुशासन, जो लूट, गुंडागर्दी और बदमाशी हुई, जिस प्रकार से नौकरियां बेची गई। आज भी उनके कई उम्मीदवार उसे सही ठहरा रहे हैं। हुड्डा के शासन में तबादलों की मंडी लगती थी। जमीन अधिग्रहण की धारा 4 और 6 का डर दिखाकर किसानों की जमीन औने-पौने दाम पर बिल्डर माफिया को दिलाई गई। उसे लोग आज तक भूले नहीं है। आज भी हरियाणा का किसान भूपेंद्र हुड्डा की फोटो देखकर छुप जाता है।

### 'राहुल गांधी हमारे लिए बहुत शुभ'

हरियाणा के चुनाव प्रचार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैलियों को लेकर अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं, वहां से भारतीय जनता पार्टी विजयी होती है। वह तो हमारे लिए बहुत शुभ है।

### 'इसलिए बनेगी बीजेपी सरकार'

अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में दहशतगर्दी, भ्रष्टाचार, लूट, किसानों की जमीन बचाने के लिए और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए जनता बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाएगी।

### 'कांग्रेस का बहुमत आने वाला नहीं'

कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरा घोषित नहीं किए जाने पर विज ने कहा कि कांग्रेस भी दिल से इस बात को जानती है कि उनका बहुमत आने वाला नहीं है। वह वैसे ही एक और मुसीबत लेकर नहीं बैठना चाहती। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में सरकार बीजेपी की ही बनेगी और मुख्यमंत्री भी बीजेपी का ही बनेगा।

### 'कांग्रेस दो मुहा सांप'

अनिल विज ने कांग्रेस को दो मुहा सांप कहते हुए कहा कि चुनाव पहले इनके (कांग्रेस के) राष्ट्रीय नेतृत्व ने कहा कि वह किसी को सीएम के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। आज हर आदमी अपनी दावेदारी कर रहा है। सुरजेवाला भी दावेदारी कर रहे हैं। भूपेंद्र हुड्डा भी कर रहा है। उनके सुपुत्र अपना अलग टोला बनाकर घूम रहे हैं, वह भी दावेदारी कर रहे हैं। कुमारी सैलजा भी दावेदारी कर रही हैं। पल-पल में बदलना ही कांग्रेस की नीति है।

### 'कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं'

कांग्रेस में कुमारी सैलजा पर की गई टिप्पणी को लेकर अनिल विज ने कहा कि अब एक बात जनता के सामने आ चुकी है कि कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं है, जिस भाषा का सैलजा के बारे में प्रयोग में किया गया। वह असंसदीय और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल हुआ, वह अब केवल कांग्रेस का मामला नहीं रह गया। वह इस प्रदेश और देश का मामला है। इतनी बड़ी नेत्री को आप इस प्रकार का व्यवहार करते हैं। हरियाणा का एक-एक आदमी इस बात का कांग्रेस से हिसाब लेने के लिए तैयार बैठा है।

### '8 मिनट में पुलिस की मदद मिलना बड़ी बात'

अनिल विज ने कहा कि उनकी ओर से शुरू करवाई गई डायल-112 की सुविधा का आज पूरे हरियाणा को



लाभ मिल रहा है। 8 मिनट में पुलिस की मदद मिल जाना बहुत बड़ी बात है। इसके अलावा उन्होंने अंबाला के साथ पूरे प्रदेश के लिए और भी कई काम किए हैं।

### 'गुब्बारे बेचने वाले की तरह आते हैं उम्मीदवार'

विज ने कहा कि जब तक कोई काम पूरा नहीं हो जाता, वह उसके बारे में कभी कहते नहीं है। जनता में राजनेताओं ने अपना विश्वास खत्म किया हुआ है। चुनाव में बहुत लोग आ रहे हैं, जो वादे करते हैं और तरह-तरह की बातें करते हैं। जैसे गुब्बारे बेचने वाला रंग बिरंगे गुब्बारे लेकर आता है। हर चुनाव में वह उम्मीदवार भी वैसे आते हैं और लोगों को गुब्बारे बेचकर चले जाते हैं, लेकिन गुब्बारा तो उड़ जाता है। विज ने कहा कि वह कभी भी उस पर वोट नहीं मांगते, बल्कि जो काम कर दिए, उस पर वोट मांगते हैं।

## हरियाणा राजस्थान सीमा पर गैंगवार, दो युवकों को लगी गोली

नारनौल (भालेंद्र यादव)- हरियाणा के नारनौल जिले से एक बड़ी खबर की जानकारी आई है। जहां पर जहा हरियाणा राजस्थान सीमा से सटे भगवाडी गांव में हरियाणा के दो गैंग में गगवार देखने को मिला। इस खूनी खेल में दो युवकों को गोली लगने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि राजस्थान पुलिस घायलों को बहरोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस सूत्रों से मिली



जानकारी के मुताबिक राजस्थान के भगवाडी गांव में गैंगवार की घटना हुई है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। घायल हिम्मत नाम के युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गाया है। घायल हिम्मत के कंधे में और विकास के एक सिर में और एक पैर मे गोली लगी है। आरोपी घटना को अंजाम देकर हुए फरार हो गए है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। जल्द ही आरोपियो गिरफ्तार मामले का खुलासा किया जाएगा। गौरतलब है कि 20 सितंबर को हरियाणा के रोहतक में पलोटरा गैंग और राहुल बाबा के बीच गैंगवार हुई थी। दोनों ही गैंग के बीच शराब के ठेके पर जोरदार फायरिंग हुई। रोहतक के सोनीपत रोड स्थित बलियाना मोड़ के नजदीक शराब ठेके पर बैठे 5 युवकों पर मोटरसाइकिल सवार युवकों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी, इस गोलीबारी में 3 की मौत हो गई। 2 लोग बुरी तरह घायल हुई थे।

# मत जीतने के लिए लोगों का मन जीतना आवश्यक, चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**चंडीगढ़**। चंडीगढ़ (चंद्र शेखर धरणी)- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ''मेरा बूथ सबसे मजबूत'' कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से -आडियो ब्रिज- तकनीक के माध्यम से सीधा संवाद कर उन्हें अपने बूथ पर कमल खिलाने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे हरियाणा के कार्यकर्ताओं के साथ बहुत समय तक नजदीक से धरातल पर काम करने का और बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा की नई और पुरानी पीढ़ी के कार्यकर्ताओं की कर्मठता हमेशा उन्हें प्रेरणा देती रही है।

हरियाणा के लोगों का खुशमिजाज स्वभाव और गंभीर से गंभीर बात को तार्किक ढंग से मजाकिया लहजे में हल्का-फुल्का बना देना हरियाणा से ही सीखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हरियाणा से उनका विशेष नाता रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा के कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं और ''मेरा बूथ सबसे मजबूत'' के मंत्र के साथ अपना बूथ जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने की उनकी एक ही रणनीति है, चुनाव जीतने का अर्थ है पोलिंग बूथ जीतना, जो बूथ जीतता है, वही चुनाव जीतता है। हरियाणा का प्रत्येक पोलिंग बूथ भारतीय जनता पार्टी की मजबूत चौकी है और भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता किसी भी बूथ में अपना झंडा झुकने नहीं देता है, इसलिए हर पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता को गर्व होना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कराने के लिए मेहनत करता है।

### दस सालों से जनता के मुद्दों से दूर गुटबाजी में व्यस्त थी कांग्रेस

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का आधार सिर्फ झूठ बोलने पर टिका है। कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो पहले बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी पूरी तरह से कमजोर हो चुका है और कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही है। पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी कमजोर रही है। कांग्रेस का अधिकतर समय गुटबाजी में और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में बीता है। कांग्रेस पार्टी पिछले 10 सालों में जनता के मुद्दों से दूर रही है और सारी राजनीति अपने परिवारों के लिए अथवा अपने गुटों के लिए की है। इसी कारण कांग्रेस हरियाणा की जनता का विश्वास कभी भी नहीं जीत सकती। कांग्रेस के आंतरिक कलह से हरियाणा का बच्चा-बच्चा परिचित है, लेकिन हमारी रणनीति उनके कलह पर केंद्रित नहीं होनी चाहिए, हमें अपने परिश्रम से अपना झंडा लहराना है।

### जागरूक है हरियाणा की जनता

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता बहुत जागरूक है, वे जानते हैं कि हरियाणा का विकास बिना किसी रोक-टोक के तेज गति से आगे बढ़ाना है और दिल्ली में जिसकी सरकार हो उसी की सरकार को हरियाणा में भी लाना पड़ेगा। हरियाणा ने पिछले सात दशकों में लगातार यही किया है। इस बार भी हरियाणा दिल्ली की भाजपा सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर हरियाणा को हिंदुस्तान का नंबर एक राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। इसलिए हमें जनता की इस भावना का आदर करते हुए, अपनी ताकत पोलिंग बूथ में लगानी है।

### हरियाणा की धरती पर किया है काम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मुझे दो बार आने का मौका मिला और नागरिकों का उत्साह और उमंग देखकर हैरान हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हरियाणा की धरती पर काम करके निकला हुआ कार्यकर्ता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि हरियाणा की जनता ने बीजेपी को फिर से एक बार सेवा करने का अवसर देने का निर्णय कर लिया है। हरियाणा की जनता 10 साल में बिना भ्रष्टाचार और बिना खर्ची-पर्ची की सरकार से खुश है।

### मत जीतने से पहले मन जीतने का दिया मंत्र

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रणवीर सिंह मंडल ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है और हरियाणा की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास कायम है। प्रधानमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र की सराहना करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर में अपनी



सरकार की उपलब्धियों और संकल्पों को बेहतर ढंग से समझाने का मार्गदर्शन दिया। प्रधानमंत्री जी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आम जनता का मन जीत लेना अधिक आवश्यक है, क्योंकि मन जीतने के बाद मत जीतना सरल हो जाता है। इस अवसर पर हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को बताया कि हरियाणा की जनता को आयुष्मान कार्ड और जन-धन योजना का लाभ विशेष रूप से मिल रहा है और इससे जनता में भारतीय जनता पार्टी के सकारात्मक कार्यों का विशेष प्रभाव है। इस अवसर पर रोहतक के अपने पुराने दिनों के साथी कार्यकर्ता जयनारायण खूंदिया को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने भावुकतापूर्वक उनके मंत्र के अनुरूप प्रत्येक कार्यकर्ता से अपने बूथ पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करने की अपील की।

### तीसरी बार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही भाजपा सरकार

कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विजय निश्चित है। चुनाव में अब एक हफ्ते का समय बचा है और सभी कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ के एक-एक परिवार को लक्षित करके पूरी कर्मठता के साथ काम करें। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर के लोगों को अपने साथ जोड़कर मतदान कराने के दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे आने वाले एक हफ्ते में अपनी सारी ताकत झोंक दें और कांग्रेस के फैलाए गए झूठ की चिंता छोड़ दें। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय कर लिया है।



# आमिर खान का बेटा था इसलिए मिली महाराज

जुनैद खान ने खुलासा किया है कि अगर वे आमिर खान के बेटे नहीं होते तो शायद उन्हें फिल्म महाराज में काम नहीं मिलता। हालांकि जुनैद ने इस फिल्म के लिए ऑडिशन भी दिया था। हाल ही में उन्होंने अब तक के वर्क एक्सपीरियंस को शेयर किया। जुनैद ने यह भी बताया कि उन्होंने आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए ऑडिशन दिया था। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी कुछ हिस्सा आपको मिलता है, कुछ नहीं मिलता। यह सच है कि महाराज से पहले मैंने कुछ ऑडिशन दिए थे। वो उस वक्त नहीं हो पाया।' जुनैद ने आगे कहा, 'हां, पापा पहले इसके (लाल सिंह चड्ढा) बारे में बात कर चुके हैं। जब मैंने इसके लिए टेस्ट दिया था तब पापा को टेस्ट काफी पसंद आया था। लेकिन फिल्म के बजट की वजह से नए एक्टर के साथ वो फिल्म नहीं बन सकती थी। इस कारण उस फिल्म में मुझे काम करने का मौका नहीं मिला।'

## फिल्म महाराज से जुनैद ने किया बॉलीवुड डेब्यू

जुनैद खान ने फिल्म महाराज से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में जुनैद के अलावा जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी जैसे सेलेब्स ने काम किया है। फिल्म की कहानी एक सेंसिटिव मुद्दे पर बेस्ड है, इसलिए इसे लेकर कॉन्ट्रोवर्सी भी हुई थी। इसके बाद ही फिल्म को थिएटर्स की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया।

## ऑडिशन का वीडियो देख आदित्य चोपड़ा ने फिल्म में कास्ट करने का मन बनाया

प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा ने जुनैद का एक साल पुराना ऑडिशन का वीडियो देखा था। जुनैद ने अपने पिता आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए ऑडिशन दिया था। आदित्य चोपड़ा को जुनैद का वो वीडियो काफी पसंद आया था। इसी के बाद उन्होंने जुनैद को फिल्म में लेने का मन बना लिया था। जुनैद ने कहा था, 'आदित्य सर ने मुझे बुलाया और महाराज की स्क्रिप्ट दी। उन्होंने कहा कि फर्स्ट हाफ पूरा पढ़कर सुनाओ। मैंने सुनाई तो उन्होंने ज्यादा कुछ रिएक्शन नहीं दिया। बस इतना कहा कि बढ़िया किए, चलो काम शुरू करते हैं।' जुनैद ने यह भी बताया था कि अभी उनके पास दो फिल्में पाइपलाइन में हैं। एक फिल्म वो अपने पिता आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ की एक्ट्रेस साई पल्लवी नजर आएंगी। इसके अलावा दूसरी फिल्म में वे खुशी कपूर के साथ दिखेंगे।



# मेरे पास घर के बैनर से लॉन्च होने वाला ऑप्शन ही नहीं था

बॉलिवुड में फिल्मी परिवारों से आने वाले एक्टर्स की लिस्ट में एक और नाम शामिल होने जा रहा है। यह नाम है अंजिनी धवन, जो जाने-माने फिल्म निर्देशक डेविड धवन के भाई अनिल धवन की पोती हैं। अंजिनी दादा-पोती के रिश्ते के बहाने पीढ़ीगत खाई जैसे जरूरी विषय पर बनी फिल्म बिन्नी और फैमिली से पर्दे पर दस्तक देने जा रही हैं।

**आपके दादा (चचेरे) डेविड धवन खुद इतने नामी निर्माता-निर्देशक हैं। कभी उनके बैनर से लॉन्च होने को लेकर चर्चा हुई या वरुण धवन की तरह पहले दूसरे मेकर्स का विश्वास जीतकर खुद को साबित करना चाहती थीं?**

सच कहूं, मेरे पास घर से लॉन्च होने वाला ऑप्शन ही नहीं था। मेरी फैमिली इस मामले में काफी सख्त है। उनका मानना यह है कि आपको जो हासिल करना है, खुद करना है तो ऐसा एक भी पल नहीं था, जब मैंने यह सोचा हो कि अरे, मैं तो घर के बैनर से लॉन्च हो जाऊंगी। अगर मेरे पास वो ऑप्शन होता ना, तो निश्चित तौर पर मैं सोचती, पर वह था ही नहीं। मैंने बचपन से यही माहौल देखा है कि मेरे दिमाग में यह ख्याल ही नहीं आया। उन्होंने मेरे डैड को लॉन्च नहीं किया, जब वह ऐक्टिंग करना चाहते थे। उन्होंने रोहित भैया (धवन) को लॉन्च नहीं किया। वरुण भैया को नहीं किया तो वही बात मेरे पर भी लागू होती है।

**फिल्म में आप पंकज कपूर, जो खुद ऐक्टिंग के इंस्टीट्यूशन है, के साथ काम कर रही हैं। राजेश कुमार आपके पिता बने हैं। उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा उनसे क्या सीखा?**

असल में राजेश सर मेरे पापा (सिद्धार्थ धवन) के बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों साथ में काम भी कर चुके हैं। यह मुझे अपने लुक टेस्ट के दिन पता चला। वे दोनों एक दूसरे से जिस गर्मजोशी से मिले, मैं थोड़ी हैरान थी, मगर उस वजह से मैं उनके साथ काफी सहज हो गई। पंकज जी वाकई ऐक्टिंग के संस्थान हैं। मैं खुद को बहुत लकी मानती हू कि मुझे पहली ही फिल्म में उनके साथ काम करने को मिला। वह हमेशा मेरी पहली फिल्म के को-स्टार पंकज रहेंगे, जो बहुत स्पेशल बात है। मैंने देखा कि वह कभी अपने या खुद की परफॉर्मेंस के बारे में उतना नहीं सोचते। वह सीन को बेहतर बनाने के बारे में ज्यादा सोचते हैं और सबका पार्ट देखते हैं। सिर्फ अपने सीन की नहीं सोचते और यह एक चीज है जो मैं खुद भी करना चाहूंगी।

**आपके फिल्मों में आने के साथ ही आपके साथ एक और स्टारकिड वाला टैग जुड़ चुका है। इस पर काफी चर्चा भी हुई है कि आप लोगों को आसानी से फिल्में मिल जाती हैं। आप इस स्टारकिड टैग के फायदे-नुकसान क्या मानती हैं?**

इस टैग का नुकसान यह है कि मैं चाहे जितनी भी मेहनत करू, हमारे बारे में लोगों की यही सोच होगी कि ये फिल्म फैमिली से है, तो इनके लिए बहुत आसान रहा होगा। यह जजमेंट निश्चित तौर पर एक नुकसान है। वहीं, फायदा यह है कि मुझे किसी भी सलाह की जरूरत हो तो मैं काफी अनुभवी लोगों को फोन करके पूछ सकती हूं। मैं वरुण भैया को पूछ सकती हू कि आपको क्या लगता है।

**आपके घर में इतने एक्टर्स-डायरेक्टर हैं। आप किससे सलाह-मशविरा करती हैं?**

मैं सबके अनुभवों का बहुत फायदा उठाती है। जब पीआर और मार्केटिंग की बात होती है तो मैं वरुण भैया से पूछती हू, क्योंकि वह उसमें काफी अच्छे हैं। उन्होंने मुझे कहा कि बस कॉन्फिडेंट रहो और अपने काम के प्रति ईमानदार रहो, सब ठीक होगा। जब कोई स्क्रिप्ट की बात होती है तो मैं अपने डैड या रोहित (डायरेक्टर रोहित धवन) भैया से पूछती हु। अपने सारे ऑडिशन मैं दादा से अप्रूव कराती हू तो निश्चित तौर पर सबसे थोड़ा-थोड़ा मार्गदर्शन लेती हूं।



# इस निर्देशक के साथ पहली फिल्म करना चाहती थीं शरवरी, शॉर्टलिस्ट हो गई...

शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी वाईआरएफ की जासूसी फिल्म अल्फा को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। शरवरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ फिल्म अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह अपनी हालिया फिल्म मुंजा, महाराज और वेद की सफलता का भी आनंद ले रही हैं। शरवरी ने कबीर खान की द फॉरगॉटन आर्मी- आजादी से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उससे पहले, उन्होंने संजय लीला भंसाली की बाजीराव मस्तानी में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। हाल ही में, उन्होंने खुलासा किया कि वह अपनी पहली फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ करना चाहती थीं, लेकिन फिल्म में सेलेक्ट होने के बावजूद भी कुछ ऐसा हुआ कि अपनी पहली फिल्म संजय के साथ नहीं कर पाई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान शरवरी ने खुलासा किया कि वह रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म बाजीराव मस्तानी में सहायक निर्देशक बन गई, जब वह फिल्म निर्माता द्वारा निर्मित एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई तो कुछ ऐसा हुआ, जो उन्होंने कभी सोचा नहीं था। शरवरी ने कहा, मुझे संजय सर के प्रोडक्शन हाउस के साथ एक फिल्म करनी थी। मैंने इसके लिए ऑडिशन दिया था और शॉर्टलिस्ट हो गई थी लेकिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुई और फिल्म को नहीं बनाया गया। इस तरह से मिला संजय के साथ काम करने का मौका शरवरी ने कहा, कुछ तकनीकी कारणों से उस फिल्म पर थोड़ा विराम लग गया। उन्हें कुछ सोचना पड़ा और स्क्रिप्ट पर फिर से काम करना पड़ा। आगे शरवरी ने कहा, उस दौरान, जब संजय ने उनसे पूछा कि क्या वह उनकी सहायता कर सकती है। उसने बताया कि बाजीराव मस्तानी भी निर्माण में थी और शरवरी ने बाजीराव मस्तानी में इंटर्नशिप करने की इच्छा व्यक्त की। फिर क्या संजय सहमत हो गए और उन्हें अपनी फिल्म बाजीराव मस्तानी में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। काम की बात करें तो शरवरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ शिव रवैल की अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। अल्फा वाईआरएफ की एक्शन ड्रामा जासूसी फिल्म है। जो कथित तौर पर 2025 में सिनेमाघरों हो सकती हैं। दोनों ने हाल ही में कश्मीर शेड्यूल पूरा किया और सेट से तस्वीर साझा की।



# कपिल शर्मा के शो में करण जौहर ने कहा, उन्हें रातों को नींद नहीं आती

फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का निर्देशन करने वाले बॉलीवुड फिल्म मेकर करण जौहर ने कहा कि वह नींद न आने की समस्या से पीड़ित हैं। फिल्म निर्माता, अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ स्ट्रीमिंग कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में दिखाई दिए, जहां उन्होंने शो में खूब मस्ती की। शो के एक सेगमेंट के दौरान, कपिल ने कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि अगर लोग अपने सामान्य समय से पहले बिस्तर पर चले जाते हैं, तो उन्हें नींद आने में मुश्किल होती है, उन्होंने आलिया से पुछा कि क्या उनके साथ भी ऐसा कुछ होता है। करण जौहर ने बीच में टोकते हुए कहा कि उन्हें सोने में परेशानी होती है, इससे पहले उन्होंने कहा कि मैं आसानी से नहीं सो पाता, न खुद के साथ न किसी और के साथ। हाल ही में करण जौहर ने डॉटर्स डे मनाते हुए अपने इंस्टाग्राम पर अपने बच्चों यश और रूही के साथ इस खास दिन पर एक रील वीडियो शेयर की। वीडियो में करण फ्रेम से बाहर हैं,वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं , हम डॉटर्स डे और संस डे मना रहे हैं, इस मौके पर यश और रूही के नाम वाला चॉकलेट केक जुड़वा बच्चों के सामने रखा गया है। रूही ने करण के बाद कहा, कि मैं चाहती हू कि आप हर दिन मेरे डैडी रहो। करण ने कैप्शन में लिखा, समानता एक ऐसी चीज है, जिस पर मैं बहुत दृढ़ता से विश्वास करता हू और जिसे मेरी मां ने मुझे सिखाया है। मेरे पिता भी महिलाओं का सम्मान करते थे। चाहे वे सशक्तिकरण को पूरी तरह से समझ या व्यक्त करने में सक्षम न हों, लेकिन उनके कार्यों ने उनकी मूल मान्यताओं को दोहराया।

# नितांशी ने खास अंदाज में किया किरण राव का शुक्रिया

फिल्म लापता लेडीज को भारत की तरफ से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में ऑस्कर अवॉर्ड्स में भेजा जा रहा है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इसका एलान किया, जिसके बाद किरण राव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया। लापता लेडीज को ऑस्कर में भेजे जाने की खबर से फिल्म के सितारे बेहद खुश हैं। इस फिल्म में फूल कुमारी का किरदार अदा करने वाली नितांशी ने किरण के पोस्ट पर कमेंट कर उनका शुक्रिया अदा किया है। नितांशी ने लिखा है, किरण मैम आपने तो बहुत सपने पूरे कर दिए, मैं अब भी सोच रही हू कि क्या यह सच है। किरण राव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।





# ये हैं दिलजीत दोसांझ की आने वाली फिल्में, 2026 तक के लिए तैयार रहे दर्शक

दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने म्यूजिक टूर 'दिल-लुमिनाती के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। विदेशी जमीन पर परफॉर्म करने के बाद अब वो भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। इस टूर के भारतीय चरण की शुरूआत 26 अक्टूबर को नई दिल्ली से होगी। उसके बाद वो हैदराबाद, पुणे, कोलकाता, अहमदाबाद और लखनऊ में भी प्रस्तुति देंगे। शो के टिकट के महंगे दाम को लेकर कई लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया है। खैर, अपनी संगीत की दुनिया के अलावा दिलजीत अपनी अभिनय वाली दुनिया को लेकर भी चर्चा में हैं। आने वाले दिनों में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली है।

### बॉर्डर 2

दिलजीत दोसांझ की आने वाली सभी फिल्मों में से उनके प्रशंसकों को बॉर्डर 2 का सबसे ज्यादा इंतजार है। इस फिल्म में वो सनी देओल के साथ दिखेंगे। दिलजीत ने इस जानकारी को साझा करते हुए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा था कि पहली गोली दुश्मन चलाएगा और आखिरी गोली हम! दिलजीत के प्रशंसक उन्हें दुश्मनों पर वार करते हुए देखेंगे। इस फिल्म का पहला भाग 1997 में रिलीज हुआ था। बॉर्डर 2 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### नो एंट्री

कॉमेडी फिल्म नो एंट्री के दूसरे भाग नो एंट्री 2 में भी दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। इसमें वो लोगों को गुदगुदाते हुए दिखेंगे। लोग वैसे भी दिलजीत के कॉमेडी अवतार को काफी पसंद करते हैं। उनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन और अर्जुन कपूर भी काम करेंगे। फिल्म का निर्माण बोनी कपूर कर रहे हैं और अनीस बज्मी इसे डायरेक्ट करेंगे। इसका पहला भाग 2005 में रिलीज हुआ था।

### सरदार जी 3

सरदार जी एक पंजाबी हॉरर कॉमेडी फ्रेंचाइजी है। दिलजीत दोसांझ ने जुलाई 2024 में इस फिल्म का एलान किया था। इसे 27 जून, 2025 को रिलीज किया जाएगा। इसका पहला भाग 2015 में आया था, जिसमें दिलजीत और नीरू बाजवा की हिट जोड़ी दिखी थी। दूसरा भाग 2016 में आया था। इसमें सोनम बाजवा, मोनिका गिल, जसविंदर भल्ला और यशपाल शर्मा समेत कई कलाकारों ने काम किया था। सरदार जी 3 का निर्माण व्हाइट हिल स्टूडियो के गुणबीर सिंह सिद्धू और मनमोर्द सिद्धू स्टोरी टाइम प्रोडक्शंस के साथ मिलकर करेंगे।

### रन्ना च धन्ना

दिलजीत दोसांझ एक और पंजाबी फिल्म रन्ना च धन्ना में दिखेंगे। इसमें उनके साथ सोनम बाजवा और शहनाज गिल भी काम करेंगी। तीनों को इससे पहले 2021 में आई फिल्म हौसला रक्ख में एक साथ देखा गया था। रन्ना च धन्ना के पोस्टर को हाल ही में जारी किया गया है। इसकी रिलीज डेट से भी परदा उठा दिया गया है। फिल्म 2 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी।

# करीना ने की लापता लेडीज की तारीफ, ऑस्कर 2025 के लिए दी शुभकामनाएं

अभिनेत्री करीना कपूर ने हाल ही में 'लापता लेडीज' के ऑस्कर 2025 में आधिकारिक प्रस्तुति पर शुभकामनाएं दी हैं। करीना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी साझा की। स्टोरी साझा करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'महान कहानियों को महान पहचान मिलनी चाहिए। अभिनेत्री ने पूरी टीम को बधाई दी और लिखा, 'आप लोगों के लिए बहुत खुश हू'। निर्देशक किरण राव ने बाद में इंस्टाग्राम पर एक नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरी टीम को श्रेय दिया।

